**SNBP INTERNATIONAL & Sr. SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE**
**Affiliation No. 1130703**
**PT 4 2024-25**

**ANSWER -KEY**

| GRADE: VI | SUBJECT: HINDI | DATE: 05.03.2025 | TIME: 3HRS | MARKS: 60 |
|---|---|---|---|---|

## खंड - क

**प्र.१अ) अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए| (5Q X 1M = 5M)**

स्वतंत्र भारत का संपूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों के ही ऊपर है, क्योंकि आज जो विद्यार्थी हैं, वे ही कल के भारत के नागरिक होंगे। भारत की उन्नति और उसका उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करता है। अतः विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी के साथ करें। उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, अपने समाज, अपने धर्म, अपनी संस्कृति को अपनी आँखों के सामने रखना चाहिए ताकि उनके जीवन से राष्ट्र को कुछ बल प्राप्त हो सके। जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते वे राष्ट्र और समाज के लिए भार-स्वरूप होते हैं।

i) स्वतंत्र भारत का संपूर्ण दायित्व आज किसके ऊपर है ?

ग) विद्यार्थियों के ऊपर

ii) आज जो विद्यार्थी हैं, वे कल भारत के क्या होंगे ?

ख) नागरिक

iii) विद्यार्थी को अपने भावी जीवन का निर्माण कैसे करना चाहिए ?

के ग) सतर्कता और सावधानी साथ

iv) जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते , वे राष्ट्र और समाज के लिए क्या हैं ?

क) भार स्वरूप

v) 'धर्म' का विलोम शब्द क्या होगा ?

घ) अधर्म

**प्र.१आ) अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **(5Q X 1M = 5M)**

गरमी के इस प्रकोप से अपने आपको बचाने के लिए मनुष्यों ने बहुत - से उपाय खोज निकाले हैं। साधारण आय वाले घरों में बिजली के पंखे चल रहे हैं, जो नर-नारियों की पसीने से रक्षा करते हैं। अमीरों के यहाँ वातानुकूलन यंत्र लगे हैं। समर्थ जन गरमी से बचने के लिए पहाड़ी स्थलों पर चले जाते हैं और ज्येष्ठ की तपती दोपहरी पहाड़ की ठंडी हवाओं में बिताते हैं। प्यास बुझाने के लिए शीतल पेय है । बर्फ और बर्फ से बने पदार्थ ग्रीष्म के शत्रु और लोगों के लिए वरदान हैं।

i) गरमी के प्रकोप से बचने के लिए किसने उपाय खोज निकाले हैं?

ग) मनुष्यों ने

ii) अमीरों के यहाँ क्या लगे हुए हैं?

क) वातानुकूलन यंत्र

iii) समर्थ जन गरमी से बचने के लिए कहाँ चले जाते हैं?

ग) पहाड़ी स्थलों पर

iv) प्यास बुझाने के लिए क्या है?

ख) शीतल पेय

v) गरमी का पर्यायवाची शब्द क्या होगा ?

ख) ग्रीष्म

**प्र.२अ) दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं सात प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए |** **(7Q X 1M = 7M)**

i) प्रेमचंद्र हिंदी के <u>सर्वोत्तम</u> कथाकार हैं| रेखांकित शब्द में विशेषण का कौन-सा भेद होगा ?

ख) गुणवाचक ग) संख्यावाचक घ) परिमाणवाचक

ii) निम्न में से कौन -सा अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है ?

ग) थोड़ा

iii) क्रिया के मूल रूप को क्या कहते है ?

ग) धातु

iv) राकेश निबंध लिखता है |- वाक्य में क्रिया का कौन-सा भेद होगा ?

क) सकर्मक

v) मोहन पढ़ता है | - वाक्य में क्रिया का कौन-सा भेद होगा ?

ख) अकर्मक

vi) काल के कितने भेद होते हैं ?

ग) तीन

vii) वह पढ़ रहा है |- वाक्य में काल का कौन -सा भेद होगा ?

ग) वर्तमानकाल

viii) मैं कल दिल्ली जाऊँगा | - वाक्य में काल का कौन -सा भेद होगा ?

ख) भविष्यकाल

**प्र.२आ) दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं सात प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए| (7Q X 1M = 7M)**

i) अर्थ के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं ?

ख) आठ

ii) कंचन घर नहीं जाएगी |-अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन -सा भेद होगा ?

ग) निषेधवाचक

iii) 'क्योंकी' अशुद्ध शब्द का शुद्ध रूप क्या होगा ?

ग) क्योंकि

iv) मेरे को भूख लगी है | - वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा ?

क) मुझे भूख लगी है|

v) हाँ, मुझे कल जाना है |- रेखांकित विराम चिन्ह कौन -सा है ?

ख) अल्पविराम

vi) प्रश्न पूछने के लिए कौन - से विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?

ग़) प्रश्नवाचक (?)

vii) गुड़ गोबर हो जाना - मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

क) बात बिगड़ जाना

viii) दूध का जला __________भी फूँक -फूँककर पीता है। - उचित शब्द भरकर लोकोक्ति पूर्ण कीजिए |

ग) छाछ

## खंड – ख

**प्र.३अ) दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **(5Q X 1M = 5M)**

आश्रम में गाँधी कई ऐसे काम भी करते थे जिन्हें आमतौर पर नौकर-चाकर करते हैं। जिस ज़माने में वे बैरिस्टरी से हज़ारों रुपये कमाते थे, उस समय भी वे प्रतिदिन सुबह अपने हाथ से चक्की पर आटा पीसा करते थे। चक्की चलाने में कस्तूरबा और उनके लड़के भी हाथ बँटाते थे। इस प्रकार घर में रोटी बनाने के लिए महीन या मोटा आटा वे खुद पीस लेते थे। साबरमती आश्रम में भी गाँधी ने पिसाई का काम जारी रखा। जब कभी चक्की खराब हो जाती ,वह चक्की को ठीक करने में कभी-कभी घंटों मेहनत करते थे।

i) आश्रम में गाँधी कई ऐसे काम भी करते थे जिन्हें आमतौर पर कौन करते हैं?

क) नौकर -चाकर

ii) गाँधी जी सुबह कौन- सा काम किया करते थे?

ख) आटा पीसना

iii) चक्की चलाने में कौन गाँधी जी का हाथ बँटाते थे ?

ख) कस्तूरबा और उनके लड़के

iv) जब कभी चक्की ख़राब जाती,तो उसे ठीक करने के लिए कौन-घंटों मेहनत करता था ?

ख) गाँधी जी

v) इस प्रकार घर में रोटी बनाने के लिए ___________आटा वे खुद पीस लेते थे।

क) महीन या मोटा

**प्र३आ) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए |** **(2QX1M=2M)**

i) पुराने जमाने में हमें किताबों के अलावा किससे जानकारियाँ मिलती थीं ?

क) जंगल ख) जानवरों की पुरानी हड्डियों ग) पहाड़, समुद्र घ) उपरोक्त सभी

ii) "कुछ खास तो नहीं" यह किसके द्वारा कहा गया कथन था ?

क) लेखिका की मित्र का ख) लेखिका के पिता का ग)लेखिका के भाई का घ) लेखिका का

**प्र४अ) दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **(5Q X 1M = 5M)**

मैं सबसे छोटी होऊँ , तेरी गोदी में सोऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर , फिरूँ सदा माँ ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ !

बड़ा बनाकर पहले हमको,तू पीछे छलती मात !
हाथ पकड़कर फिर सदा हमारे , साथ नहीं रहती दिन रात ||

i) कौन सबसे छोटी होने की बात कर रही है ?

ख) बच्ची

ii) बच्ची किसकी गोदी में सोने का बोल रही है?

क) अपनी माँ की

iii) 'अंचल' शब्द का क्या अर्थ होगा ?

ख) आँचल

iv) फिरूँ _____________ माँ! तेरे साथ |

ख) सदा

v) 'माँ' का पर्यायवाची शब्द क्या होगा ?

क) जननी

**प्र४आ) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए |** **(2QX1M=2M)**

i) ' वन के मार्ग में ' कविता किसके द्वारा लिखी गई है ?

ग) तुलसीदास

ii) चमक उठी सन सत्तावन में वह तलवार पुरानी थी'- यह पंक्ति किस कविता की है?

क) झाँसी की रानी

**प्र.५अ) दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(3QX2M=6M)**

i) राम ने थकी हुई सीता की क्या सहायता की ?

उत्तर-राम ने थकी हुई सीता को देखकर लक्ष्मण को जल लेने के लिए भेज दिया और स्वयं पेड़ के नीचे बैठकर अपने पैरों की धूल को साफ करने लगे तथा पैरों के कांटे धीरे-धीरे निकालने लगे जिससे सीता कुछ देर और विश्राम कर सकें।

ii) कविता माँ बच्चों के लिए क्या-क्या काम करती हैं ?

उत्तर- माँ हमारे लिए अपने हाथों से खाना खिलाती है, धूल पोंछती है, नहला धुलाकर बड़े प्यार से सजाती है, परियों की कहानियांँ सुनाती है आदि आदि।

iii) 'किंतु कालगति चुपके-चुपके काली घटा घेर लाई' |
इस पंक्ति में किस घटना की ओर संकेत है ?

उत्तर-इस पंक्ति में रानी लक्ष्मीबाई के पति झाँसी के राजा गंगाधर राव की मृत्यु की

घटना की ओर संकेत किया गया |राजा की मत्यु से रानी के जीवन में दुख का अंधकार छा गया। उसके जीवन की सारी खुशियाँ चली गईं और उसके जीवन में कठिनाइयाँ ऐसे आ गईं जैसे काली घटा छा गई हो।

iv) 'तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारु चलीं जल च्वै|' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए |

उत्तर- प्रस्तुत पंक्ति पाठ -१४ वन के मार्ग में से ली गयी है ,जिसमें वन में जाते समय सीता जी की व्याकुलता तथा वन के मार्ग की कठिनाइयों का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया है | सीता जी व्याकुलता और और उनकी थकन को देखकर राम जी दुखी हो जाते हैं और उनकी सुंदर आँखों लगते हैं |

**प्र.५आ) दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर में लिखिए |** **(3QX2M=6M)**

i) गाँधी जी ने श्री मति पोलक के बच्चे को दूध कैसे छुड़ावाया ?

उत्तर- एक बार दक्षिण अफ्रीका में जेल से छूटने के बाद घर लौटने पर उन्होंने देखा कि उनके मित्र की पत्नी श्रीमती पोलक बहुत ही दुबली और कमजोर हो गई हैं। उनका बच्चा उनका दूध पीना छोड़ता नहीं था और वह उसका दूध छुड़ाने की कोशिश कर रही थीं। बच्चा उन्हें चैन नहीं लेने देता था और रो-रोकर उन्हें जगाए रखता था। गाँधीजी जिस दिन लौटे, उसी रात से उन्होंने बच्चे की देखभाल का काम अपने हाथों में ले लिया। बच्चे को श्रीमती पोलक के बिस्तर पर से उठाकर अपने बिस्तर पर लिटा लेते थे। वह चारपाई के पास एक बरतन में पानी भरकर रख लेते बच्चे को प्यास लगे तो उसे पिला दें। एक पखवाड़े तक माँ से अलग सुलाने के बाद बच्चे ने माँ का दूध छोड़ दिया। इस उपाय से गाँधी जी ने बच्चे का दूध छुड़वाया।

ii) ' लोकगीत ' निबंध में लोकगीतों के किन पक्षों की चर्चा की गई है? बिंदुओं के रूप में उन्हें लिखिए।

उत्तर- इस निबंध में लोकगीतों के निम्नलिखित पक्षों की चर्चा हुई है-

- लोकगीत प्रिय होते हैं।
- लोकगीत का महत्त्व
- लोकगीत और शास्त्रीय संगीत

- लोकगीतों के प्रकार, गायन शैली, राग
- सहायक वाद्य यंत्र, गायक समूह
- लोकगीतों के साथ चलने वाले नृत्य
- लोकगीतों की भाषा
- लोकगीतों की लोकप्रियता।
- लोकगीतों के प्रकार

iii) लाखों-करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी?

उत्तर- लाखों करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती बहुत गर्म थी और उस पर कोई जानदार चीज नहीं रह सकती थी। इसी कारण उस समय धरती पर मनुष्यों का अस्तित्व नहीं था। धीरे-धीरे उसमें परिवर्तन होते गए और धरती में जानवरों और पौधे का जन्म हुआ।

iv) हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत कौन-कौन से हैं?

उत्तर- हमारे यहाँ लोकगीत ऐसे हैं जिन्हें स्त्रियों के खास गीत कहा जा सकता है। ऐसे गीत में त्योहारों पर नदियों में नहाते समय के, नहाने जाते रास्ते के गीत, विवाह के अवसर पर गाए जाने वाले गीत, मटकोड, ज्यौनार के, संबंधियों के लिए प्रेमयुक्त गाली, जन्म आदि के गीत स्त्रियों के गीत हैं। इसके अतिरिक्त कजरी, गुजरात का गरबा और ब्रज का रसिया भी स्त्रियों द्वारा गाया जाने वाला गीत हैं |

**खंड - ग**

**प्र.६अ)** आपके मोहल्ले में पालतू जानवरों के इलाज के लिए अस्पताल खोला गया है। इसके लिए एक विज्ञापन लिखिए।

अथवा

' जल ही जीवन है ' विषय पर ७०-८० शब्दों में निबंध लिखिए | (5M)

**प्र.६आ)** आपके बड़े भाई के विवाह में अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए |

अथवा

दिए गए चित्र का वर्णन ६ से ७ पंक्तियों में कीजिए | (5M)



उत्तर- खंड ग विद्यार्थियों की इच्छाशक्ति और कल्पना शक्ति के अनुसार रहेगा |